दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

कक्षा– चौथी **Foundation Worksheet** विषय – हिंदी

उपविषय – अपठित गद्यांश, अनुच्छेद लेखन, भाषा, वाक्य और संज्ञा

प्र०1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–

पुस्तकालय का अर्थ है– पुस्तकें रखने का घर अर्थात जहाँ एक साथ बहुत सारी पुस्तकें रखी जाती हैं। हर स्कूल और कॉलेज में पुस्तकालय होता है, जो स्कूल और कॉलेज नहीं जाते हैं या अपनी पढ़ाई पूरी करके नौकरी करते हैं, उन लोगों के लिए भी पुस्तकालय होता है। इसे पब्लिक लाईब्रेरी कहा जाता है, पुस्तकालय में न केवल पुस्तकें होती हैं, बल्कि अखबार, पत्र–पत्रिकाएँ आदि भी होती हैं, लोग पुस्तकालय में बैठकर अपनी मनपंसद पुस्तकें, पत्र–पत्रिकाएँ, अखबार आदि पढ़ते हैं, यहाँ शोर नहीं होता, हमारे विद्यालय में भी एक बड़ा–सा पुस्तकालय है। इसमें हिंदी, अंग्रेज़ी, गणित, संस्कृत, फ्रेंच, जर्मन आदि विषयों की लगभग 6,000 पुस्तकें हैं। यहाँ पर विभिन्न भाषाओं के शब्द–कोश, पत्र–पत्रिकाएँ आदि भी रखी हैं, ग्लोब और मानचित्र के अतिरिक्त विज्ञान के प्रयोग और अविष्कार आदि से संबंधित बहुत–सी रोचक पुस्तकें भी हैं, पुस्तकालय में बैठकर पढ़ने के साथ–साथ पुस्तकों को घर ले जाकर पढ़ने की सुविधा भी होती है।

क निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–

1. पुस्तकालय का क्या अर्थ है तथा पुस्तकालय कहाँ–कहाँ होते हैं?

2. हमारे विद्यालय के पुस्तकालय में किन–किन विषयों की तथा लगभग कितनी पुस्तकें हैं?

ख निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिएः–

1. पुस्तक– किताब, साबुन

2. घर – दफ़्तर, गृह

ग सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइएः–

1. पुस्तकालय में कपड़े होते हैं। ( )

2. पुस्तकालय में शोर नहीं होता। ( )

घ सही विकल्प चुनकर लिखिएः–

1. पुस्तकालय को और क्या कहा जाता है?

अ. लाइब्रेरी आ सिनेमा घर

2. पुस्तकालय में बैठकर हम क्या करते हैं?

अ. खेलते हैं आ. पुस्तकें पढ़ते हैं

प्र०3 'मेरा मित्र' विषय पर सहायक सूची की मदद से एक अनुच्छेद लिखिएः–

(शब्द सीमा – 70–80)

सहायक सूची – नाम, प्यार, मदद, एक साथ, कक्षा, खेलना, पढ़ना, अच्छी सीख, सही मार्ग, प्रथम, प्रिय।

प्र०3 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएः–

क भाषा के दो रूप.....और.....होते हैं।

ख टेलीफ़ोन भाषा का.....रूप है।

ग हिंदी भाषा की लिपि.....है।

घ कश्मीर में.....भाषा बोली जाती है।

ड. .....के द्वारा मन के भाव प्रकट किए जाते हैं।

च हर राज्य की अपनी–अपनी.....है।

प्र०4 कोष्ठक में दिए सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएः–

क हमारी राष्ट्रभाषा.....है। (उर्दू, हिंदी)

ख गुजरात में.....भाषा बोली जाती है। (गुजराती, मराठी)

ग पत्र लिखना भाषा का.....रूप है। (मौखिक, लिखित)

घ .....विदेशी भाषा है। (डोगरी, जर्मनी)

प्र०5 निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिएः–

क मुझे पाठ पढ़नी है।

ख रीता जा रही है स्कूल।

ग बारिश रही है हो।

घ मुझको खानी है खीर।

ड. माली देता है पौधों को पानी।

च मैं पढ़ता हूँ चौथी कक्षा में।

प्र०6 निम्नलिखित रिक्त स्थानों में उचित संज्ञा शब्द भरिएः–

क मैं.....पढ़ रहा हूँ।

ख राम.....से खेल रहा है।

ग मेरे पास सुंदर..... है।

घ मैं.....जा रहा हूँ।

प्र०7 कोष्ठक में दिए सही संज्ञा शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिएः–

क .....एक धार्मिक पुस्तक है। (रामायण, नंदन)

ख .....भारत की राजधानी है। (जम्मू, दिल्ली)

ग .....नाच रहा है। (बस्ता, मोर)

घ मुझे.....खाना पसंद है। (आम, बोतल)

ड. .....को जंगल का राजा कहते हैं। (शेर, बोतल)

च बच्चा.....के नीचे बैठा है। (दिल्ली, पेड़)

प्र०8 निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्द रेखांकित करेंः–

क ताजमहल आगरा में है।

ख नौकर कपड़े धो रहा है।

ग महिला नाच रही है।

ड. पुजारी पूजा कर रहा है।

च हमारा स्कूल बड़ा है।

प्र०9 निम्नलिखित राज्यों का उनकी भाषा के साथ मिलान कीजिए।

	राज्य	भाषा
1.	केरल	मराठी
2.	राजस्थान	मलयालम
3.	ओडिसा	बँगला
4.	कर्नाटक	ओडिया
5.	बंगाल	कन्नड़
6.	महाराष्ट्र	राजस्थानी

प्र०10 कोष्ठक में दिए सही शब्दों को चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएः–

1. फल पर.....बैठी है। (मक्खी, मक्खि)

2. गाय के दो.....होते हैं। (सिंग, सींग)

3. रिया.....पढ़ती है। (पुस्तक, पूसतक)

4. गुलाब एक सुंदर.....है। (फूल, फुल)

5. .....घास खा रही है। (बकरी, बकरि)

6. .....पढ़ा रही है। (अधयापिका, अध्यापिका)